कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/भौतिक/स्थानांतरण/2020–21/1–176 दिनांक– 04.01.2021 के तहत् श्रीमती सुमन कुल्हरी, व्याख्याता (भौतिक विज्ञान) राउमावि छाउ (झुन्झुनूं) का स्थानांतरण राउमावि जारोड़ा कलां (नागौर) किया गया। श्रीमती सुमन कुल्हरी ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में **अपील संख्या 413/2021 श्रीमती सुमन कुल्हरी बनाम निदेशक, माध्य. शिक्षा, राजस्थान बीकानेर एवं अन्य दायर** की गई।

अपील संख्या 413/2021 में माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 25.01.2021 द्वारा अपीलार्थी श्रीमती सुमन कुल्हरी को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार अपीलार्थी से अभ्यावेदन प्राप्त होने पर इसे विभागीय दिशा निर्देशों एवं नियमों के अन्तर्गत संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्रीमती सुमन कुल्हरी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अपने पति Medical Categorisation 51H1A2(P)PIEI से ग्रस्त होने एवं भाई की सड़क दुखातिका में मृत्यु होने, माताजी पिताजी के देखभाल करने तथा दो बेटियों के अध्ययनरत होने के आधार पर अपना पदस्थापन 1. डाईट, झुन्झुनूं 2. राउमावि बिरमी (झुन्झुनूं) (नव सृजित पद) 3. राउमावि केड (उदयपुरवाटी) झुन्झुनूं (नव सृजित पद) की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 25.01.2021 एवं राज्य सरकार और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की विषम पारिवारिक परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थी श्रीमती सुमन कुल्हरी का समायोजन राउमावि बिरमी (झुन्झुनूं) (211634) में व्याख्याता भौतिक विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–3/भौगकृ/अभ्यावेदन/सुमन कुल्हरी/को.के/20–21 **दिनांकः** 08.02.2021

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य
9. संबंधित कार्मिक
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

D:/17.12.16/desktop/court